Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार सच का साथी दिनांक 25-03-2023 अंक 522

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### अंबेडकर मोहल्ला दशरथ राम के घर के पास कई दिनों से चापाकल खराब



**अपेम लाइव : बड़कागांव**

बड़कागांव प्रखंड मध्य पंचायत के अंतर्गत वार्ड नंबर 7 दशरथ राम के घर के पास कई दिनों से चपानल खराब पड़ा है। जिसके कारण ग्रामीणों को पानी पीने के लिए बहुत परेशानी हो रही है। इस चपानाल से लगभग 100से 150 घरों में पानी पीने के लिए प्रतिदिन ले जाया जाता है । मध्य पंचायत के मुखिया तकरीमुल्ला खान से बात करने के बाद बताया कि अभी मेरा पास चपानल मरम्मत करने का फंड नहीं है फंड आने के बाद चपानल को बनवा दिया जाएगा।

### प्रखण्ड कार्यालय में स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

#### दर्जनों लोगों का हुआ स्वास्थ्य जांच



**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**

कान्हाचट्टी : प्रखण्ड कार्यालय के समीप शनिवार को उपायुक्त अबु इमरान के निर्देश पर बी डी ओ हुलास महतो के नेतृत्व में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।इस शिविर में प्रखण्ड के दस पंचायत के दर्जनों महिला एवं पुरुषों ने स्वास्थ्य जांच करवाया।स्वास्थ्य जांच में लोगो को कई तरह की दवाइयां भी दी गई।जिसमें एच आई बी,मलेरिया, टाइफाइड,सहित अन्य बीमारियों का जांच किया गया एवं सभी को बीमारी के मुताबिक दवाईयां भी दी गई।इस जांच शिविर से प्रखण्ड वासियों को कई तरह के फायदे भी हुए।मौके पर प्रखण्ड के कर्मी,स्वास्थ्य कर्मी के अलावा ग्रामीण उपस्थित थे।

### जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव ने तालाब निर्माण करने हेतु किया अनुशंसा



**अपेम लाइव : बरही**

हजारीबाग में जिला परिषद कार्यालय में बहुत सारे आवेदन की जांच की गई। इस दौरान जीप उपाध्यक्ष सह संघ के प्रदेश अध्यक्ष के पहल पर जिला मत्स्य पदाधिकारी सह कार्यपालक पदाधिक. ारी के तहत बरही प्रखंड अंतर्गत पंचायत बेन्दगी के ग्राम पोड़ैया में सुरेश यादव पिता ननकू यादव को एक एकड़ में तालाब निर्माण करने हेतु अनुशंसित किया गया।

**APEM LIVE**

# बरही अनुमंडलीय अस्पताल में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन, विधायक हुए शामिल







**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**

बरही अनुमंडलीय अस्पताल में शनिवार को डीएस प्रकाश ज्ञानी के अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि बरही विधायक उमाशंकर अकेला एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में बरही एसडीपीओ नाजिर अख्तर, प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य डॉ निजामुद्दीन अंसारी, विधानसभा विधायक प्रतिनिधि छद्दू गोप, प्रखंड प्रमुख मनोज रजक, 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मन्नान वारसी एवं विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू शामिल हुए। सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात विधायक उमाशंकर अकेला ने स्वास्थ्य मेला में लगे सभी विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया और डायबिटीज एवं ब्लड प्रेशर का जांच भी करवाया। स्वास्थ्य मेला में लगाए गए स्टालों में दंत चिक्तिसक जांच, आयुष कार्यक्रम, शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण कार्यक्रम, किशोरी स्वास्थ्य, मलेरिया, फाइलेरिया, , मातृत्व स्वास्थ्य, टीबी, आयुष्मान भारत, कुष्ठ, कोविड टीक. ाकरण, स्तन कैंसर एवं योग शामिल है। मेला को संबोधित करते हुए विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा की लोगो की स्वास्थ्य को लेकर हमारी सरकार को बड़ी चिंता है। उन्होंने कहा की गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीजों को अपना इलाज करवाने के लिए जमीन और जेवर को गिरवी रख देना पड़ता है। जो बहुत दुखद है। उन्होंने कहा की मैने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं स्वास्थ्य मंत्री से मांग किया है की प्रत्येक प्रमंडल में एम्स की तरह अस्पताल का निर्माण करवाया जाए। जिससे गरीब परिवार भी अपना इलाज करवा सके। साथ ही साथ उन्होंने कहा की निजी अस्पतालों में मृत व्यक्ति को जीवित बताकर भी पैसा ऐंठा जाता है। उन्होंने कहा की बरही अनुमंडलीय अस्पताल में पहले सर्जन नही थे जिसके कारण छोटी छोटी बीमारी से ग्रसित मरीजों को रेफर कर दिया जाता था। लेकिन अब इसी अनुमंडलीय अस्पताल में सर्जन, हड्डी रोग विशेषज्ञ भी उपलब्ध कराए गए है। जिससे अब लोगो को हरेक छोटी छोटी बीमारी के लिए रेफर नही करना पड़ेगा। प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य निजामुद्दीन अंसारी ने बताया की जब तक आदमी का सोच स्वास्थ्य नही होगा तब तक आदमी स्वास्थ्य नही हो सकता है। साथ ही साथ उन्होंने डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी के कार्यो को सराहा। 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा ने बताया की इस प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला में जितने भी स्टॉल लगाए गए है वह सभी झारखंड सरकार के द्वारा मुफ्त में मुहैया कराया गया है उन्होंने कहा की जो भी मरीज आपके अस्पताल में आते है उनकी इलाज करना आपकी प्राथमिकता है। साथ ही कुछ उदासीनता के कारण कुछ को लाभ नहीं मिल पाता है।

प्रखंड प्रमुख मनोज रजक ने बच्चों के जन्म में होने वाली अंतराल को विस्तारपूर्वक बताया। उन्होंने अस्पताल कर्मियों पर नाराजगी जताते हुए कहा की यहां के अस्पतालकर्मी काफी लापरवाह है। छोटी - छोटी दवाइयों के भी मरीजों को मेडिकल भेज दिया जाता है। जिसको लेकर उन्होंने स्वास्थ्यकर्मियों को हिदायत देते हुए कहा की आगे से इस प्रकार की गलती बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मौके पर बीपीएम नारायण राम, प्रधान लिपिक पंकज कुमार, डॉ मृत्युंजय कुमार, आयुष चिकित्सक डॉ मेराजुल, डॉ मो एजाज एवं डॉ शारिक मोहम्मद सहित सैकड़ों अन्य लोग मौजूद थे।

# अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार, कंटेनर लूट कर भाग रहे थे आरोपी ,अपहरण किए गए ड्राईवर और खलासी को भी कराया गया मुक्त

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**

लातेहार : चंदवा पुलिस को लूटेरों के खिलाफ बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने एक छह चक्का ट्रक के साथ चार लूटेरों को गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी पुलिस कप्तान अंजनी अंजन ने प्रेस वार्ता कर बताया कि हमें गुप्त सूचना मिली थी कि एक लूटे हुए छह चक्का ट्रक कुंडू से होते हुए लातेहार जिले में इंट्री कर रही है। इसी सूचना के आधार पर चंदवा थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता के नेतृत्व में एक टीम गठिन कर अविलंब छापामारी दल के द्वारा चन्दवा थानान्तर्गत देवनद नदी के पास वाहन चेंकिग प्रारंभ किया गया। वाहन चेकिंग के क्रम में लूटा गया कंटेनर को बरामद किया गया।साथ ही लूट शामिल एक व्यक्ति राहुल यादव जो गाड़ी लेकर भाग रहा था की गिरफ्तारी की गयी। राहुल यादव से पूछ. ताछ के क्रम में ज्ञात हुआ कि इस कंटेनर की लूट भद्रक उडिसा के पास की गयी है एवम् इस वाहन के ड्राइवर एवं खलासी को अपहरण कर भवानी पटना उडिसा ले जाया गया है। लूट में शामिल अन्य अभियुक्त चंदवा की ओर आने वाले है। मामले की गंभीरता को देखते हुए लातेहार एसपी के द्वारा पुन, अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं अपहृत व्यक्तियों की बरामदगी हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिक. ारी, लातेहार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। इस टीम के द्वारा लूट कांड में शामिल तीन अन्य अन्तरराज्यीय अभियुक्तों की गिरफ्तारी चंदवा से की गयी तथा अपहृत दोनों व्यक्तियों को भवानी पटना उडिसा से सकुशल बरामद कर लिया गया है। इस मामले में



चन्दवा थाना काड सं0-75/2023 अंकित किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त 1. राहुल यादव, पे0-कुमर पाल सिंह, सा0-टोली थाना सिकन्दरा, जिला-हा. थरस, उत्तर प्रदेश 2. चन्द्रशेखर गंगोरा, पे0-सोमनाथ गंगोरा, सा0-हा. थीलेन कोरापुट थाना,जिला-कोरापुट, उड़िसा 3. सानुबाबु टाकरी, पे0 - सोमनाथ टाकरी, सा0-टिक. रासाई, कोरापुट थाना जिला - कोरापुट उडिसा 4. सुरज पाणिग्राही पे0-विजय पाणिग्राही सा0-हाथीलेन, कोरापुट थाना . जिला - कोरापुट, उडिसा बरामद सामान 1. एक लूटा गया छः चक्का कंटेनर पंजीयन सं0-एलएन-01ए ए-5439 2. लूट में प्रयुक्त क्रेटा वाहन पंजीयन सं0-ओडी-02बीएम-0392 3. माबाईल- छरू अद्द छापामारी दल में लातेहार डीएसपी संतोष कुमार मिश्र, चंदवा थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, जमील अंसारी, नारायण यादव, दिव्य प्रकाश और सैट-202 के सशस्त्र बल के जवान शामिल रहे।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## बरही : रामनवमी पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न, डीजे पर रहेगा प्रतिबंध

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही थाना परिसर में रामनवमी पूजा को लेकर शांति समिति बैठक का आयोजन बरही एसडीओ पूनम कुजूर के अध्यक्षता में किया गया। जिसका संचालन बरही पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी ललित कुमार ने किया। बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता, समाजसेवी एवं विभिन्न अखाड़ों के सदस्य शामिल थे। शांति समिति के बैठक में शामिल सभी ने बारी – बारी से संबोधित करते हुए अपना – अपना विचार रखा। बैठक को संबोधित करते हुए सीओ ने कहा की रूट में किसी प्रकार का कोई बदलाव नहीं होगा और ना ही किसी नए व्यक्ति के नाम से लाइसेंस मिलेगा। साथ ही साथ उन्होंने कहा की जिला प्रशासन के द्वारा जो दिशानिर्देश जारी किया गया है उसका पालन करना अनिवार्य है। वहीं एसडीपीओ नाजिर अख्तर ने कहा कि रामनवमी मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम जी के जन्मोत्सव पर मनाया जाता है। जिसे हम सभी को मिलजुल कर मनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा की सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार के भड़काऊ भाषण पोस्ट करने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि आपसी सौहार्द के साथ पर्व मनाने की जरूरत है ताकि शांति का माहौल बना रहे। एसडीओ पूनम कुजूर ने कहा की बरही में प्रत्येक वर्ष हर त्योहार शांति और सौहार्द के साथ मनाया जाता है, हमे इस परंपरा को बरकरार रखना है। उन्होंने कहा की आपसी सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। कहा की पर्व के दौरान पुलिस की निगरानी प्रयेक जगहों पर रहेगी और किसी भी तरह की अनहोनी की तत्काल सूचना देने की अपील की ताकि तुरंत कार्रवाई की जा सके। साथ ही अंत में उन्होंने कहा कि डीजे पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। मौके पर एसडीओ पूनम कुजूर, एसडीपीओ नाजिर अख्तर, कोबरा 203 के द्वितीय कमान अधिकारी गंगवाने कैलाश, सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार, डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी ललित कुमार, रामनवमी महासमिति अध्यक्ष रमेश ठाकुर, प्रमुख मनोज रजक, उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, डॉ निजामुद्दीन अंसारी, 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, विस विधायक प्रतिनिधि छट्ठू गोप, सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव, सद्‌भावना विकास मंच अध्यक्ष राज. सिंह चौहान, पूर्व जीप प्रति. निधि मो क्यूम, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, प्रखण्ड विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, विहिप जिला सहमंत्री गुरुदेव गुप्ता, महिला थाना प्रभारी स्वीटी कुमारी, मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, सुरेंद्र रजक, विशेश्वर यादव, मनोज कुमार, मो ताजुद्दीन, रघुवीर यादव, प्रो बद्री साव, हरेंद्र गोप, राजन ओम, डोमन पाण्डेय, इशो सिंह, महेंद्र दुबे, पंसस जीतू ठाकुर, विकास सिंह, राजेश केशरी उर्फ मेवालाल, विष्णुधारी महतो, बिरेन्द्र कुमार, नरेश साव, हिरामन साव, परमेश्वर यादव, बिपिन सिन्हा, नवलकिशोर सिंह, जितेंद्र गिरी, संतोष निषाद, अंकित कुमार, बिहारी यादव, सीताराम यादव, मनोज उपाध्याय, उदय केशरी, गुज्जु चौरसिया, अमित जयसवाल, अनीश कुमार, बिनोद यादव, दसरथ यादव, सागर चंद्रवंशी, ब्रह्मदेव, प्रकाश साव, मो तौकीर रजा, विवेक विश्वकर्मा, सिकंदर कुमार, सचिन यादव, चंदन केशरी, अमित सिंह उर्फ छोटू, लो. केश ठाकुर, एएसआई कामेश्वर सिंह, दिनेश कुमार, संजय कुमार समेत सभी रामभक्त अखाड़ा समिति के पदाधिक. ारी, सदस्य व शांति समिति के सदस्य मौजूद रहे।





## महुआ चुनने गए ग्रामीणों पर जंगली जानवर का हमला, महिला समेत दो लोग जख्मी, तेंदुआ या बाघ होने की अफवाह

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : शनिवार की अहले सुबह महुआ चुनने के लिए कुछ लोगों के लिए सामत बनकर आई और उनका सामना बाघ से हो गया।मामला यह है कि लातेहार जिले के मनिका थाना क्षेत्र के कुमण्डीह स्थित अम्वाटिकर और जोबला गांव के कुछ ग्रामीण महुआ चुनने के लिए जंगल की ओर निकले थे कि तभी जंगल में उनका सामना बाघ से हो गया और बाघ ने इनमें से दो लोगों अरविंद उरांव पिता स्व बालचंद उरांव और संपतिया देवी पति स्व महेंद्र उरांव को अपने चपेट में ले लिया।इसमें से एक अरविंद उरांव को गंभीर अवस्था में लातेहार सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनका इलाज डॉ शंभूनाथ चौधरी और डा अरविंद कुमार के द्वारा किया गया। इसके बाद अरविंद को बेहतर इलाज के लिए 108 एम्बुलेंस से राजधारी रांची के रिम्स रेफर कर दिया गया। वहीं संपतिया देवी का इलाज लातेहार सदर अस्पताल में किया जा रहा है। इधर अरविंद के साथ महुआ चुनने गई उसकी बहन निर्मला देवी का कहना है कि हम सभी आज सुबह महुआ चुनने के लिए बड़काडीह जंगल गए हुए थे। पर वहां पहुंचने पर महुआ चुनने के लिए लिए एक दूसरे से अलग हो। तभी घात लगाकर बैठा बाघ ने हमला कर दिया। उधर घायल के स्वजनों को इसकी सूचना मिली। तत्पश्चात ग्रामीणों के द्वारा इसकी सूचना वन कर्मियों को दी गई। घंटों के बाद भी वन विभाग के कोई पदाधिकारी या कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचे। जिससे वन विभाग की उदासीनता के चलते ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।

## पंचमाधव : महिलाओं के बीच मशरूम बीज का किया गया वितरण

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत पं. चमाधव पंचायत भवन में मशरूम की खेती को बढ़ावा देने के लिए शनिवार को दर्जनों महिलाओं के बीच मशरूम बीज का वितरण किया गया। मौके पर मौजूद मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप ने बताया की नगदी फसल के रूप में मशरूम की फसल किसानों ले लिए वरदान साबित होगी। पंसस प्रतिनिधि कामेश्वर रविदास ने कहा महिलाएं मशरूम की खेती कर अपनी आय को दोगुना कर सकती है परंपरागत खेती से किसानों की आर्थिक स्थिति सुधरने के बजाय दिन प्रतिदिन दयनीय हो रही थी। आधु. निक खेती से आर्थिक उन्नति की उम्मीद किसानों में जगी है। मशरूम बीज पाने वाली महिलाओं में कोशिला देवी, राखी कुमारी, बिमला देवी, शकुंतला कुमारी, रूबी देवी, आशा देवी, उषा देवी, ममता देवी, रीना देवी, देवंती देवी, सुमन देवी, सोनी देवी, प्रतिमा देवी, छाया कुमारी, लीलावती कुमारी, आरती देवी, कालो कुमारी, कंचन देवी, गुड़िया कुमारी, संगीता देवी, अनिता देवी, सरिता देवी, पार्वती देवी सहित कई अन्य महिलाएं शामिल है।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## रामगढ़ के गोला से दिल्ली के लिए पैदल यात्रा पर निकले 5 स्वच्छता दूत दो दिनों से कर रहे है बरही चौक की सफाई

### 1280 किमी की दूरी तय कर पीएम नरेंद्र मोदी जी से मिलने की है योजना, बरही में हुआ स्वागत

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



स्वच्छता टीम का स्वागत करते स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता

प्रधानमंत्री के स्वच्छता अभियान से प्रभावित होकर रामगढ़ के गोला के पांच स्वच्छता दूत पीएम नरेंद्र मोदी से मिलने 5 स्वच्छता दूत पैदल यात्रा में निकले हैं। अपने साथ ये लोग एक ई रिकसा और कचरा निपटान की सामग्री रखे हुए हैं। दिल्ली जाने के दौरान जी क्षेत्रों में से होकर ये पांच सदस्यीय स्वच्छता दूत गुजरते हैं। उस क्षेत्र की साफ सफाई करते हुए गुजरते हैं। इस दौरान स्थानीय लोगों का भी सहयोग मिलता है। संस्थापक सदस्य अमर कुमार कुशवाहा के नेतृत्व में मां छिन्नमस्तिका ट्रस्ट का भी गठन कर एक स्वच्छता टीम बनाई गई है। जिसमे ट्रस्ट के अध्यक्ष रंजीत महतो उर्फ बुलेट, सचिव सुदेश महतो, सदस्य सानू साव एवं मधु महतो शामिल है। इन्ही पांचों के द्वारा पैदल यात्रा कर पीएम नरेंद्र मोदी से मिलने की इन्ही योजना है। दो दिन पहले स्वच्छता की टीम बरही आई। इस टीम को मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर, सेवा निवृत शिक्षक राजेंद्र केशरी, विहिप अध्यक्ष नंदकिशोर कुमार, महामंत्री कैलाश ठाकुर का सहयोग मिला। स्थानीय लोगों के साथ पांच सदस्यीय स्वच्छता टीम बरही चौक, गोलंबर, धनबाद रोड, गया रोड की सफाई कर कचरा को जमा कर उसका निपटान किया। साथ ही लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया। स्वच्छता दूत अमर कुमार कुशवाहा ने बताया की हमसब पीएम मोदी जी के स्वच्छता अभियान से प्रभावित हैं। 1280 किमी की दूरी तय कर दिल्ली जाने की योजना है। मंदिर एवं धर्मशाला में हमलोग रुकते हैं। ग्रामीणों से बात कर उन्हें स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हैं। कहा की स्वच्छता से प्रेम करने वाले लोगों का उन्हे भरपूर सहयोग मिलता है। उनके पास स्वच्छता साफ सफाई की सारी सामग्री उपलब्ध है। बरही आगमन पर विहिप अध्यक्ष नंद किशोर कुमार , राजेंद्र केशरी, कैलाश ठाकुर सहित अन्य लोगों ने टीम का हौसलावर्धन किया।

## धुमधाम से मनाया जाएगा लातेहार जिला स्थापना दिवस

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**




लातेहार : आगामी चार अप्रैल को लातेहार जिला का 22 वां स्थापना दिवस धुमधाम से मनाया जायेगा ।इसे ले कर शनिवार को उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गयी ।बैठक में पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन व वन प्रमंडल पदाधिकारी रौशन कुमार मुख्य रूप से उपिस्थत थे ।बैठक में जिला स्थापना दिवस पर प्रातरू छह से सात बजे तक स्कूली बच्चों की प्रभातफेरी निकालने का निर्णय लिया गया ।इसके बाद कारगिल पार्क में शहीद स्मारक में पुष्पांजलि की जायेगी ।पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन में विकास मेला का आयोजन किया जायेगा. ।इसके अलावा स्लोगन व पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी ।संध्या में पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन में स्कूली बच्चों एवं स्थानीय कलाकारों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा ।साथ हीं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाओं को भी सम्मानित करने का निर्णय लिया गया ।जिला स्थापना के दिन विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी आवास व कार्यालयों में विद्युत सज्जा भी किया जाएगा। बैठक में नगर पंचायत उपाध्यक्ष नवीन कुमार सिन्हा, जिप सदस्य विनोद उरांव, राजन तिवारी, स्वर संगम के निदेशक आशीष टैगोर व कांग्रेस नेता पंकज तिवारी समेंत कई अधिकारी एवं गन्य मान्य लोग उपस्थित थे।

## डेमोटांड़ से फाइबर ब्लॉक ईट ला रहा वाहन घाटी में पलटा, पांच घायल





**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव हजारीबाग रोड स्थित कन्वेयर बेल्ट एनटीपीसी टीपी 5 के समीप घाटी में फाइबर ब्लॉक ईट ला रहा टर्बो वाहन पलट गई। टर्बो में सवार चालक समेत सभी पांचो मजदूर घायल हो गए। मौके पर उपस्थित सोनबरसा ग्राम निवासी जेएमएम नेता गुड्डू राम ने घायलों को बढ़-चढ़कर मदद किया इतना ही नहीं बड़कागांव समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से एंबुलेंस बुलाकर इलाज के लिए बड़कागांव भेजा । दुर्घटना इतनी भयावह थी कि टर्बो वाहन पूरी तरह से पलट गई और पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गया। ज्ञात हो कि उक्त मार्ग में हमेशा सड़क दुर्घटना होती रही है ,चालकों को सावधानी से वाहन चलाने की जरूरत है ताकि सड़क दुर्घटना से बचा जा सके।

## रमजान ना सिर्फ रह्मतों और बरकतों का महीना है बल्कि समूची मानव जाति को प्रेम भाईचारे और इंसानियत का भी संदेश देता है : आमीन

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



बंशीधर नगर : पवित्र माह -ए- रमजान में रोजा एहम इबादत है रमजान अल्लाह ताला का महीना है उक्त बातें श्री बंशीधर नगर के प्रतिष्ठित व्यवसाई एवं समाजसेवी आमीन खान ने कहा। उन्होंने कहा कि रमजान के पूरे 30 दिन यानी ईद का चांद निकलने तक मुसलमानों को रोजा रखना होता है रोजा सभी मुसलमान महिलाएं पुरुष एवं नौजवान पर वाजिब है सिर्फ बच्चों एवं बीमार को छोड़कर। उन्होंने कहा कि रोजा का मतलब सिर्फ भूखे रहना ही नहीं बल्कि भूख प्यास के साथ पूरे जिस्म का भी रोजा रखना है। मतलब की हर बुराई एवं गुनाह से दूर रहकर रखा गया रोजा अल्लाह कबूल करता हैं। उन्होंने कहा कि मुसलमानों पर रोजा इसलिए फर्ज है ताकि इस खास बरकत वाले रूहानी महीने में उनसे कोई गुनाह ना हो पाए ।यह खुदाई असर का नतीजा है रमजान लगभग हर इस्लामी नजरियों से खुद को बदलता है और हर तरह से अल्लाह की रहमत पाने की कोशिश करते हैं।. उन्होंने कहा कि खुद को खुदा की राह में समर्पित कर देने का प्रतीक पाक महीना माह -ए- रमजान ना सिर्फ रहमतों और बरकतों का महीना है बल्कि समूची मानव जाति को प्रेम भाईचारे और इंसानियत का भी संदेश देता है

JHNH Reg. No. 2036000613

जीवन हेल्थ नर्सिंग होम

हमारे यहाँ सभी प्रकार का ईलाज किया जाता है।
सामान्य एवं सुरक्षित प्रसव (नार्मल डिलेवरी) की विशेष सुविधा उपलब्ध है।



अपेंडिक्स, बवासीर, हर्निया, हाईड्रोसिल, पथरी, बच्चेदानी
इत्यादि ऑपरेशन की विशेष सुविधा उपलब्ध है।



BLOOD TEST
CBC, Sugar, L.F.T, K.F.T, Lipid Profile,
Thyroid, Tuberculosss, Urine R/E etc
यहाँ सभी प्रकार के जाँच की सुविधा है।

24/7 Emergency Services
7903856586
9931874590

NH-2 लस्करी मोड़, रसोईया धमना, बरही
नियर-लोक नायक फैमिली रेस्टोरेन्ट-825405

अपेम ट्रस्ट हॉस्पीटल
APEM TRUST HOSPITAL
Contact No.- 9934337941, 9934337952, 7004427032, 9123223359, 7870810332
A UNIT OF APEM WELFARE FOUNDATION
Regd. No.- U85300/JH/2022/NPL019305
Reg. No. 2036000529

जेनरल सर्जरी, हड्डी, नस एवं जोड़, स्त्री रोग, नि:संतातता, प्रसव

नि:शुल्क
महिला बंध्याकरण एवं पुरुष नसबंदी ऑपरेशन

सुविधाएँ :- (अपेम वेलफेयर फॉउंडेशन के सौजन्य से)
- लाभार्थी को 1000 रुपए प्रोत्साहन राशि
- उत्प्रेरक ANM, सहिया को 500 रुपए
- मुफत दवा-सूई (सरकारी मानकों के अनुसार)





APEM MEDICAL & PARAMEDICAL TEAM



पता :- न्यू कॉलोनी, धनबाद रोड़, बरही (हजारीबाग)
संपर्क सूत्र : 9934337941, 9934337952, 7004427032, 9123223359

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार     सहयोगीः सोनू पंडित,     एडिटिंग- सोनू पंडित     मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

दिनांकः 25-03-2023

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर



## आंगो में सरहुल पूजा मेला का आयोजन में शामिल हुए, आजसू नेता रोशन लाल चौधरी





**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव : प्रकृति का पर्व सरहुल पूजा का आयोजन प्रखंड के सुदूरवर्ती गांव आँगो में धूमधाम से की गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी व विशिष्ट अतिथि मुखिया नीलम मिंज के द्वारा मंच का उद्घाटन फीता काटकर संयुक्त रूप से किया गया।इसके पश्चात प्राकृतिक का पर्व का पूजा अर्चना किया। महिला पुरुषों ने पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ नृत्य किया। रोशनलाल चौधरी भी ग्रामीणों के साथ ढोल और मांदर बजाकर सरहुल मनाया। कहा कि सरहुल जल जंगल जमीन का संरक्षण कर हरियाली लाना हमारे पूर्वजों के प्रतीक है। श्री चौधरी ने जल जंगल को संरक्षण और अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाने का अपील लोगों से किया। वहीं विशिष्ट अतिथि मुखिया नीलम मिंज ने कहा कि जनजातियों का एक सांस्कृतिक साहित्य परंपरा सरहुल पूजा की पहचान है। सरहुल यह संदेश देता है कि प्राकृतिक के बिना मनुष्य का अस्तित्व आधुनिक युग में जीना बहुत मुश्किल हो गया है। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि महेंद्र मांझी, उपमुखिया लालो कुमार, पूजा अध्यक्ष अध्यक्ष जयनाथ मुंडा,सचिव चमन मुंडा, कोषाध्यक्ष राजेश मुंडा,सदस्य फुलेश्वर प्रसाद,बीतेंद्र महतो,मनीलक मुंडा,भीखू महतो,सोनू मुंडा,राजेश महतो,शिबू कुमार,आदि ने पर्व को सफल बनाया।

## कांग्रेस ने राहुल गाँधी की सांसद की सदस्यता खत्म करने के विरोध नरेंद्र मोदी का फूंका पुतला

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमित यादव के नेतृत्व में समाहरणालय गेट के बगल में केंद्र सरकार की तानाशाही रवैये के खिलाफ नरेंद्र मोदी का पुतला फूंका गया।इस अवसर पर मौजूद प्रदेश महासचिव ने कहा की हमलोगों के नेता और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गाँधी की सांसद की सदस्यता खत्म करने के विरोध में हमलोगों ने प्रधान मंत्री का पुतला दहन किया। कोर्ट मोदी के इशारे पर कार्य कर रही है।उन्होंने कहा कि सदस्यता समाप्त होना लोकतंत्र के लिए काला दिन है। देश आपातकाल की ओर अग्रसर है।चोर, लुटेरे बेफिक्र घूम रहे है और सज़ा आवाज़ उठाने वाले को मिल रही है। वहीं मौके पर मौजूद पीसीसी डेलीगेट पंकज तिवारी ने कहा हमलोग न्यायालय का पूर्ण सम्मान करते है। हमलोग अपने नेता राहुल गांधी के साथ मिलकर सड़क से सदन तक आवाज़ बुलंद एवं संघर्ष करने का कार्य करेंगे।कार्यक्रम में मुख्य रूप से युवा कांग्रेस प्रदेश क०ऑर्डिनेटर साजन कुमार, विधनसभा अध्यक्ष टिंकु,मि. थलेश पासवान,प्रखंड अध्यक्ष लाडले हसन,सुनील प्रसाद, ओमप्रकाश यादव,संतोष रजक, इमरान,मनाेज पासवान,जयोति प्रकाश दूबे, अख्तर जी, धनंजय यादव, मंजीत,प्रदीप, विक्की, सकलदीप उरांव,मो़ साजिद, कूलदीप, विजेंद्र उरांव, रामा, सोहेल ,रघुनाथ राजीव ,रासिद समेत अन्य मौजूद रहे ।


हजारीबाग पुलिस

अपील

- सभी जिले वासियों से अपील है कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म WhatsApp,Twitter,Facebook,Instagram पर किसी भी तरह के तथ्यहीन, भ्रमक, झूठ एवं हिंसक आपत्तिजनक, भड़काऊ मैसेज व वीडियो पोस्ट ना करें।
- किसी भी पोस्ट को शेयर करने से पहले तथ्यों को जाच लें।
- हजारीबाग पुलिस द्वारा ऐसे मैसेज व वीडियो पोस्ट करने वालों पर कड़ो नजर रख कर उन्हें चिन्हित किया जा रहा है एवं उनके विरूद्ध कानुनी कार्रवाइ भी की जा रही है।
- सोशल मोडिया पर बनाये गए ग्रुप के सभी ग्रुप एडमिन अपने-अपने ग्रुप में इस प्रकार के पोस्ट ना होने दं अन्यथा उनक विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।
- किसी भी प्रकार के तथ्यहीन अफवाह पर ध्यान ना दें।
- मडकाउ मैसेज व वीडियो को पोस्ट करने वालों की सूचना या अन्य किसी भी प्रकार की सूचना या जानकारी नजदीकी थाना या मोबाईल/वाहाट्सएप नंबर 8002529349 या 100/112 पर कॉल करें, ताकि असामाजिक तत्वों के विरूद्ध विधि-सम्मत कार्रवाई की जा सके।
- सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गुप्त रखी जाएगी।

।। हजारीबाग पुलिस सदैव आपकी सेवा में तत्पर ।।

निवेदक
हजारीबाग पुलिस।

## उपायुक्त अध्यक्षता में रामनवमी को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**




लातेहार : आगामी रामनवमी पर्व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो इसके लिए उपायुक्त भोर सिंह यादव के अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी स बैठक में उपायुक्त ने कहा आपसी सौहार्द एवं भाईचारे के साथ रामनवमी पर्व मनायें स उन्होंने कहा रामनवमी के अवसर पर विधि व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पर्याप्त संख्या में दण्डाधिकारी एवं पुलिस बल प्रतिनियुक्त किये जायेंगे स उन्होंने अनुमण्डल पदाधिक. ारी, अंचल अधिकारी तथा थाना प्रभारियों को रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन करने का निर्देश दिया स उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार तथा अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ को रामनवमी के मद्देनज़र विधि व्यवस्था बिगाड़ने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 107 के तहत कारवाई करने का निर्देश दिया सउपायुक्त ने प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि विधि व्यवस्था संधारण का कार्य पूरी मुस्तैदी एवं तत्परता के साथ करें स उन्होंने निर्देशित किया कि विधि व्यवस्था से सम्बंधित छोटी-बड़ी सभी घटनाओं के बारे जिला नियंत्रण कक्ष एवं वरीय पदाधिकारियों को अविलम्ब सूचना दें स वहीँ उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता विद्युत आपूर्ति प्रमंडल को रामनवमी जुलुस निकाले जाने के दौरान बिजली से सम्बंधित दुर्घटना के रोकथाम हेतु बिजली काटने का निर्देश दिया स इसके साथ ही उन्होंने अखाड़ा संचालकों को जुलुस के साथ जेनेरेटर एवं लाइट की व्यवस्था रखने का निर्देश दिया सबैठक में आरक्षी अधीक्षक अंजनी अंजन ने कहा अंचल अधिकारी तथा पुलिस पदाधिकारी रामनवमी के अवसर पर विधि व्यवस्था संधारण हेतु पूर्व में ही जुलुस के रूट मुआयना कर लें स संवेदनशील स्थानों पर विशेष ध्यान दें स उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि जुलुस के दौरान अभद्र गाने न बजाया इसके लिए डीजे संचालक से बॉन्ड भरवा लें स उन्होंने पदाधिकारियों से कहा जुलुस में शामिल लोगों की सुविधा के लिए सहायता केंद्र बनायें सउन्होंने कहा असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखने के लिए ड्रोन एवं सीसीटीवी कैमरा की भी व्यवस्था रहेगी सबैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी रोशन कुमार, परियोजना निदेशक आईटीडीए विन्देश्वरी ततमा, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार शेखर कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ नीत निखिल सुरीन, जिला स्तरीय पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी एवं जिला स्तरीय शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे स

## कैशपॉर माइक्रो क्रेडिट संस्था का एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन





**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही गया रोड में स्थित मधुलिका पैलेस में कैशपॉर माइक्रो क्रेडिट संस्था द्वारा अपनी सदस्यों को वित्तीय जागरूकता तथा उनके हितों को ध्यान में रखते हुए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि संस्था के एडीओ विपलचंद जयसवाल शामिल हुए। यह कार्यशाला आरबीआई द्वारा जारी किए गए दिशानिर्देश के बारे में जानकारी देने के लिए आयोजन किया गया। उन्होंने कहा की कैशपॉर हमेशा से ही गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले सदस्यों को वित्तीय सहायता के साथ स्वास्थ्य शिक्षा की सुविधाएं भी प्रदान करती है। जिससे सदस्यों की आर्थिक स्थिति को सुधारने के साथ - साथ वह अपने परिवार की बीमारी और बच्चों के शिक्षा पर ध्यान दे सकें। साथ ही अपने जीवन यापन को ऊपर उठा सके। कैशप०र प्रत्येक वर्ष ऐसे ऐसे कार्यशाला का आयोजन करता है। वहीं इस कार्यशाला में लगभग 200 से अधिक लोग उपस्थित थे। वहीं मौके पर संस्था के एडीओ विपलचंद जयसवाल, क्लस्टर हेड राजेश सिंह यादव, एआरओ अखिलेश सिंह, शाखा प्रबंधक ममता कुमारी एवं आलोक निभा, अवनीश निभा, सुग्रीव पासी, रौशन कुमार एवं प्रियंका कुमारी सहित शाखा के कई सदस्य शामिल थे।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## जांच टीम ने कांडतरी पंचायत एवं सांढ पंचायत में सोख्ता गड्ढा का किया निरीक्षण, निर्माण में घोर अनियमितता पाई

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव प्रखंड में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग (पीएचईडी) द्वारा बनाए जा रहे सोख्ता गड्ढा की जांच टीम ने निरीक्षण किया। निरीक्षण टीम में मुख्य रूप से उप प्रमुख बचनदेव कुमार, पंचायत समिति सदस्य रितेश कुमार ठाकुर, उपेंद्र कुमार प्रसाद, रंजीत चौबे, कनीय अभियंता मोहम्मद खुर्शीद आजाद एवं बीपीओ अरुण पा. सवान शामिल हैं। बता दें कि 2 मार्च 2023 को पंचायत समिति की समीक्षात्मक बैठक में कांड. तरी पंचायत एवं सांढ पंचायत में सोख्ता गड्ढा बनाने में अनियमितता बरते जाने की शिकायत आई थी। जिसे लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार पांडे ने जांच टीम गठित की थी। जांच टीम ने शनिवार को दोनों पंचायतों में बनाए गए सोख्ता गड्ढा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया कि सोख्ता गड्ढा निर्माण में अनियमितता बरती गई है। जिसे लेकर प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया गया कि जिनमें मुख्य रूप से मुख्य मार्ग से सटा सोख्ता गड्ढा बनाया जाना जिस पर कभी भी वाहन चढ़ जाने से घटना घट सकती है, लाभुक से स्वयं गड्ढा खोदवाकर ठेकेदार के द्वारा उन्हें मजदूरी नहीं दिया जाना, लाभुक से गिट्टी छर्री लिया जाना, एक ही जगह सट्टा 2 सोक्ता गड्ढों का निर्माण किया जाना, खेत – बारी में बनाया जाना जहां पर इसका कोई इस्तेमाल नहीं होना, ठेकेदार द्वारा सोख्ता गड्ढा से जोड़ने के लिए पाइप नहीं दिया जाना, निर्माण हुए एक माह भी नहीं हुए हैं और सोक्ता गड्ढा का ध्वस्त हो जाना, कांडतरी पंचायत में सोख्ता गड्ढा जेसीबी द्वारा खुदवाया जाना आदि है। सोख्ता गड्ढा का निर्माण मुखिया एवं जलसहिया के माध्यम से बनाया जा रहा है। महुदी के जलसहिया इंदु सुमन ने जांच के दौरान कहा कि निर्माण की जानकारी हमें नहीं थी, मुखिया के द्वारा दबाव बनाकर चेक पर हस्ताक्षर करवा लिया गया है। जांच टीम अपना रिपोर्ट तैयार करके प्रखंड कार्यालय में सोपेगी।

## मासिक लोक अदालत में 1 लाख 7 हजार 12. रू मात्र राजस्व की वसूली, 27 वादों का निष्पादन

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**




लातेहार : प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश–सह–अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार अखिल कुमार के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में व्यवहार न्यायालय के प्रांगण मे शनिवार को मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया।इस लोक अदालत में कुल 06 बेंच बनाए गए थे। जिसमें कुल 27 वादों का निष्पादन करते हुए कुल 107012. रू मात्र राजस्व की वसूली की गई।इस अवसर पर प्रधान न्यायधीश, कुतुम्ब न्यायालय राजीव आनन्द, अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम संजीव कुमार दास, अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय अमित कुमार, अपर सत्र न्यायाधीश तृतीय संजीव झा, मुख्य न्यायिक दण्डा. धिकारी अब्दुल नसीर , अवर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी , शशिभूषण शर्मा, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, स्वाति विजय उपाध्याय अनुमण्डलीय न्यायिक दण्डाधिकारी मिथिलेश कुमार, स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष चंद्रिका राम, सदस्य डॉ मुरारी झा, शकील अख्तर एवं अधिवक्तागण एवं व्यवहार न्यायालय के कर्मचारीगण एवं अन्य विभाग के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## पूर्व विधायक ने पंचमाधव में न्यू एसके झींगा लाइन होटल का किया उद्घाटन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




बरही प्रखंड अंतर्गत पंचमाधव में पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने न्यू झींगा लाइन होटल का उद्घाटन किया। इस होटल के संचालक तेलोडीह निवासी बबलू दास है। उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य रूप से जीप उपाध्यक्ष सह संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि डोमन पांडे, जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, पंचमाधव मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, धनवार मुखिया राजेंद्र प्रसाद, पंसस सदस्य प्रतिनिधि विकास यादव, युवा नेता रितेश गुप्ता, पंचमाधव पंसस प्रतिनिधि कामेश्वर रविदास, विजय दास, नागेश्वर रजक, मनोज यादव, महेश यादव, तुलसी यादव, सिकन्दर पंडित, सूर्यकांत राही, अशोक यादव, संतोष यादव, सूरजदेव यादव, बीरेंद्र यादव सहित कई लोग उपस्थित रहें।







UDISE CODE - 20040105606 *Arise Awake & Achieve*

**SWAMI VIVEKANANDA ACADEMY**

Run And Managed By Vivekanand Education And Welfare Trust Barhi, Reg. No- 2020/BAR/1085/BK4/10
Charmile, Khorahar, Barhi (Hazaribag) 825405
Mob. : 9955067983, 9934680783
Email Id : swamivivekanandaacademy12@gmail.com, bkyadav683@gmail.com

**Career Opportunities**

Candidate with relevant teaching experience, fluent in English and should be qualified from JAC, CBSE

**TEACHER REQUIREMENT**

| Sl. No. | Post | Qualifacation |
|---|---|---|
| 1 | Pre Primary Teachers | Graduate Pre-Primary Certification |
| 2 | Primary Teachers | Graduate +B.ed, D.EL.ED |

Subject Teacher : **English/ SST/Science**

Applicant Candidate may Mail their details resume within 7 days to
Mail id : bkyadav683@gmail.com
WhatsApp : 9934680783
Principal : 9470318683